दिनांक 27.10.2018

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

अधीक्षण अभियंता श्री सत्येंद्र सिंह के द्वारा रिसाली जोंन अंतर्गत निर्माणाधीन पेयजल पानी टंकियों एवं पाइपलाइन, मतदान केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के अधीक्षण अभियंता श्री सत्येंद्र सिंह के द्वारा आज निगम क्षेत्र के जोन 06 रिसाली अंतर्गत चल रहे विकास कार्य, साफ सफाई व्यवस्था, मतदान केंद्र एवं अमृत मिशन योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन पानी टंकी एवं बिछाई जा रही पेयजल व्यवस्था हेतु पाइपलाइन नेवई, पुरैना, स्टेशन मरोदा, रुवाबंधा डुडेरा, नेवई ट्रैचिग ग्राउंड, जोरातराई वार्डो का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित ठेकेदार को समय सीमा में कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए तथा गुणवत्ता बनी रहे इसके लिए विशेष ध्यान देवे उपस्थित जोन आयुक्त को निर्देशित करते हुए कहा की वे निरंतर निर्माणाधीन पानी टंकी का नियमित निरीक्षण करते हुए अवगत कराते रहेंगे |

श्री सत्येंद्र सिंह के द्वारा वार्ड भ्रमण के दौरान गलियों में कुछ स्थानों पर गंदगी पाए जाने को लेकर नाराजगी वयकत करते हुए स्वास्थ्य एवं राजस्व अमले के कर्मचारी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देवें अन्यथा सीधी कार्यवाही की जवागी |

जनसम्पर्क अधिकारी